C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 326 | बिजौलिया - सोमवार, 08 जून ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

# गहलोत का पायलट पर बड़ा सियासी हमलाः बोले- 25 सितंबर की बगावत हाईकमान नहीं, सचिन पायलट के खिलाफ थी

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

राजस्थान कांग्रेस की अंदरूनी राजनीति पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक बार फिर खुलकर अपनी बात रखी है। जयपुर के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में रविवार को मीडिया से बातचीत करते हुए गहलोत ने कहा कि 25 सितंबर 2022 को हुआ घटनाक्रम कांग्रेस हाईकमान के खिलाफ नहीं था, बल्कि उस समय सचिन पायलट के मुख्यमंत्री बनने की चर्चाओं के विरोध में विधायकों की प्रतिक्रिया थी।

उन्होंने कहा कि यदि वास्तव में हाईकमान के खिलाफ बगावत हुई होती तो उन्हें मुख्यमंत्री पद पर बनाए नहीं रखा जाता।

गहलोत ने कहा कि उस समय यह माहौल बना दिया गया था कि सचिन पायलट मुख्यमंत्री बनने वाले हैं। इसी कारण बड़ी संख्या में विधायक एकजुट हुए थे। उन्होंने कहा कि विधायकों की मांग थी कि यदि वह कांग्रेस अध्यक्ष बनने के लिए दिल्ली जाते हैं तो नया मुख्यमंत्री उन विधायकों में से बनाया जाए जिन्होंने सरकार बचाने के दौरान पार्टी के प्रति निष्ठा दिखाई थी।

उन्होंने कहा, 'विधायकों ने कहा था कि अशोक गहलोत कांग्रेस अध्यक्ष बनने जा रहे हैं, तो नया मुख्यमंत्री उन लोगों में से बने जिन्होंने सरकार बचाने के लिए संघर्ष किया। हम 100 लोगों में से किसी को भी मुख्यमंत्री स्वीकार कर लेते, लेकिन सचिन पायलट स्वीकार नहीं होते, क्योंकि वे मानेसर जाने वालों में शामिल थे। '

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पूरे घटनाक्रम को बाद में हाईकमान के खिलाफ बगावत के रूप में पेश किया गया, जबकि ऐसा नहीं था। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा, 'अगर हाईकमान के खिलाफ बगावत होती तो मैं मुख्यमंत्री कैसे बना रहता? कांग्रेस नेतृत्व मुझे उस पद पर क्यों बनाए रखता? '

### 'पायलट को सच्चाई स्वीकार करनी चाहिए'

गहलोत ने कहा कि राजनीति में गलती किसी से भी हो सकती है, लेकिन उसे स्वीकार करना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि सचिन पायलट को अब सच्चाई स्वीकार करनी चाहिए।

उन्होंने कहा, 'पायलट साहब को राजनीति करते हुए 15-20 साल हो गए हैं। उन्हें भी अब काफी अनुभव हो चुका है। मैं केवल इतना कहना चाहता हूं कि गलती इंसान से ही होती है, लेकिन उसे स्वीकार करना चाहिए। जब तक कोई अपनी गलती स्वीकार नहीं करता, तब तक विवाद खत्म नहीं होता। '



### 'फॉरगेट एंड फॉरगिव' की भावना नहीं समझ पाए

गहलोत ने कहा कि जब कांग्रेस में वापसी के बाद उन्होंने 'फॉरगेट एंड फॉरगिव' यानी भूलो और माफ करो की बात कही थी, तब उसका उद्देश्य पुराने विवादों को खत्म करना था।

उन्होंने कहा, 'मैंने यह नहीं कहा था कि गलती सिर्फ उनकी थी या मेरी थी। मैंने कहा था कि जो भी गलतियां हुई, उन्हें भूलकर आगे बढ़ना चाहिए। अगर सचिन पायलट उस भावना को समझ जाते तो मानेसर का मुद्दा आज तक जिंदा नहीं रहता। '

उन्होंने आरोप लगाया कि पायलट के कुछ सलाहकार इस मुद्दे को लगातार जीवित रखने का काम कर रहे हैं। गहलोत ने कहा कि वह नहीं चाहते कि यह विवाद आगे बढ़े, लेकिन जब तक सच्चाई स्वीकार नहीं की जाती, तब तक यह चर्चा समाप्त नहीं होगी।

### कांग्रेस अध्यक्ष पद के घटनाक्रम पर भी बोले

पूर्व मुख्यमंत्री ने कांग्रेस अध्यक्ष पद से जुड़े घटनाक्रम का जिक्र करते हुए कहा कि यदि कांग्रेस नेतृत्व उन्हें अध्यक्ष बनाना चाहता तो वह इस जिम्मेदारी को स्वीकार करते।

उन्होंने कहा, 'जिस पद पर पंडित जवाहरलाल नेहरू रहे हों और यदि सोनिया गांधी मुझे कांग्रेस अध्यक्ष बनातीं तो क्या मैं मना करता? लेकिन उस समय ऐसा माहौल बना दिया गया कि पूरा घटनाक्रम विवाद में बदल गया। '

गहलोत ने दावा किया कि उस समय जो कुछ हुआ, वह एक राजनीतिक षड्यंत्र का हिस्सा था और उसकी वजह से उनकी छवि को नुकसान पहुंचा।

### 'मैंने पायलट को मंत्री बनाने में मदद की'

गहलोत ने बातचीत के दौरान एक और बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री बनने के समय सचिन पायलट ने उनसे मदद मांगी थी और उन्होंने उनकी सहायता भी की थी।

उन्होंने कहा, 'पायलट का फोन आया था। मैंने उनसे कहा था कि आपके लिए बात कर ली है, आप मंत्री बन जाएंगे। मुझे इस बात का दुख है कि उन्होंने कभी सार्वजनिक रूप से यह नहीं कहा कि अशोक गहलोत ने उनकी मदद की थी। '

उन्होंने कहा कि यदि पायलट कभी यह स्वीकार कर लेते तो उन्हें व्यक्तिगत संतोष मिलता।

### मीडिया पर भी साधा निशाना

गहलोत ने मीडिया के एक वर्ग पर भी टिप्पणी करते हुए कहा कि कुछ लोग लगातार सचिन पायलट को बड़े-बड़े पदों का दावेदार बताते रहते हैं।

उन्होंने कहा, 'कभी उन्हें प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बता दिया जाता है, कभी कांग्रेस अध्यक्ष, कभी कार्यकारी अध्यक्ष और कभी किसी अन्य बड़े पद का दावेदार। आखिर पायलट साहब के पीछे इतना क्यों पड़े हुए हैं? '

### डोटासरा-जूली की तारीफ

गहलोत ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली की कार्यशैली की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी भी राजस्थान कांग्रेस के वर्तमान नेतृत्व से संतुष्ट हैं और दोनों नेताओं की जोड़ी की प्रशंसा कर चुके हैं।


### गजेंद्र सिंह शेखावत पर भी किया पलटवार


इस दौरान केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत पर निशाना साधते हुए गहलोत ने कहा कि उन्हें दूसरों की चिंता छोड़ अपने राजनीतिक भविष्य की चिंता करनी चाहिए। गहलोत ने कहा, 'शेखावत खुद घबराए हुए हैं। उन्हें नहीं पता कि वह कब तक मंत्री रहेंगे। उन्हें अपना पद बचाने की चिंता करनी चाहिए। '


उन्होंने यह भी कहा कि शेखावत से जुड़े मामलों में उनकी सरकार ने लंबी और तकनीकी जांच करवाई थी तथा बिना पर्याप्त साक्ष्यों के कोई कार्रवाई नहीं की गई थी।

# बिजोलिया में अंधड़ से भारी नुकसान, बिजली विभाग और रीको क्षेत्र सबसे ज्यादा प्रभावित

## 97 बिजली पोल क्षतिग्रस्त, 10 ट्रांसफार्मर जले, लाखों की क्षति







**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।**

बीते दिनों आए भीषण अंधड़ और तेज हवाओं ने बिजोलिया क्षेत्र में व्यापक तबाही मचाई। कुछ ही मिनटों तक चले इस प्राकृतिक कहर ने बिजली व्यवस्था, औद्योगिक इकाइयों और सार्वजनिक संपत्तियों को भारी नुकसान पहुंचाया। कई स्थानों पर बिजली के पोल धराशायी हो गए, ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गए और औद्योगिक क्षेत्र में फैक्ट्रियों के टीन शेड उड़ने से लाखों रुपए की क्षति हुई।

सबसे ज्यादा नुकसान विद्युत विभाग को हुआ है। विभाग के अनुसार तेज अंधड़ के कारण 33 केवी लाइन के 2 पोल, 11 केवी लाइन के 97 पोल, तीन फेज के 42 पोल तथा एलटी लाइन के 39 पोल क्षतिग्रस्त हो गए। इसके अलावा करीब 1600 मीटर एलटी केबल और 1100 मीटर तीन फेज एबी केबल को भी नुकसान पहुंचा। अंधड़ के चलते 11 सिंगल फेज ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हुए, जबकि 7 सिंगल फेज और 3 थ्री फेज ट्रांसफार्मर पूरी तरह जल गए। नुकसान के चलते कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रही और विभाग को मरम्मत कार्य में अतिरिक्त संसाधन लगाने पड़े। रीको औद्योगिक क्षेत्र में भी अंधड़ का व्यापक असर देखने को मिला। तेज हवाओं के कारण कई फैक्ट्रियों की छतों पर लगे टीन शेड उखड़कर दूर जा गिरे। कई इकाइयों में उत्पादन कार्य प्रभावित हुआ तथा मशीनरी, भवनों और अन्य संसाधनों को नुकसान पहुंचा। उड़कर आए टीन शेड से एक कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। औद्योगिक क्षेत्र में हुए नुकसान का आंकलन अभी जारी है, लेकिन प्रारंभिक अनुमान के अनुसार लाखों रुपए की क्षति हुई है। अंधड़ के दौरान नगर और आसपास के क्षेत्रों में कई बड़े पेड़ भी जड़ से उखड़ गए, जिससे सड़कों पर अवरोध उत्पन्न हुए। कई स्थानों पर बिजली लाइनों और सार्वजनिक ढांचे को भी नुकसान पहुंचा। विभागीय टीमें लगातार मरम्मत और बहाली कार्य में जुटी हुई हैं।

# वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़, हिस्ट्रीशीटर समेत दो गिरफ्तार

## पुलिस ने 18 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद कीं, कई वारदातों का खुलासा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

शहर में बढ़ती वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की दिशा में सुभाषनगर थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने वाहन चोरी के एक मामले का खुलासा करते हुए हिस्ट्रीशीटर गोपाललाल कीर समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 18 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं।

थानाधिकारी कैलाश कुमार के नेतृत्व में बनी टीम को शहर में लगातार बढ़ रही मोटरसाइकिल चोरी की वारदातों का खुलासा करने के निर्देश दिए गए थे।

पुलिस ने बताया की मोतीनगर सांगानेर रोड निवासी शंभूदयाल उपाध्याय ने अपनी एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया, मुखबिर तंत्र सक्रिय किया तथा संदिग्ध अपराधियों पर निगरानी रखी। पुलिस को सूचना मिली कि वाहन चोरी की वारदातों में स्थानीय बदमाशों का हाथ है। इसके बाद विशेष टीम ने विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर गोपाललाल कीर (37) निवासी सुवाणा तथा भैरूलाल बैरवा (29) निवासी सुवाणा को गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने वाहन चोरी की वारदातें करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की गई एक मोटरसाइकिल के अलावा 17 अन्य मोटरसाइकिलें भी बरामद की हैं। बरामद वाहनों में अधिकांश हीरो एचएफ डीलक्स एवं स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिलें शामिल हैं। सभी वाहनों के नंबर और पहचान मिटाने का प्रयास किया गया था। पुलिस जांच में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी गोपाललाल कीर थाना सदर का हिस्ट्रीशीटर है। उसके खिलाफ चोरी, लूट, आर्म्स एक्ट तथा अन्य गंभीर धाराओं में डेढ़ दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। वहीं सह आरोपी भैरूलाल बैरवा के खिलाफ भी पूर्व में चोरी और आर्म्स एक्ट के मामले दर्ज हो चुके हैं।

वाहन चोरी गिरोह का पर्दाफाश करने में थानाधिकारी कैलाश कुमार के नेतृत्व में गठित टीम के पुलिसकर्मियों ने लगातार तकनीकी और फील्ड इंटेलिजेंस के आधार पर कार्य किया। पुलिस अधिकारियों ने टीम के प्रयासों की सराहना की है।

पुलिस का मानना है कि आरोपियों से पूछताछ में अन्य वाहन चोरी की वारदातों का भी खुलासा हो सकता है। बरामद मोटरसाइकिलों के संबंध में उनके वास्तविक मालिकों की पहचान कर उन्हें सुपुर्द करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# कच्चे मकान की दीवार गिरने से बुजुर्ग किसान की मौत

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**

(दिलखुश) थाना क्षेत्र के ग्राम सदारा में रविवार को तेज अंधड़ और बारिश के दौरान खेत पर बने कच्चे मकान की दीवार गिरने से एक बुजुर्ग किसान की दर्दनाक मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार सदारा निवासी रामकिशन कहार पुत्र कालू कहार खेत पर बने कच्चे मकान में बारिश और अंधड़ से बचने के लिए बैठे हुए थे। इसी दौरान तेज हवा और बारिश के कारण मकान की दीवार अचानक ढह गई, जिससे वह मलबे में दब गए। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई।



घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा सावर पुलिस को अवगत कराया। सूचना पर एएसआई किशनलाल जाट पुलिस जाप्ते के साथ घटनास्थल पहुंचे। पुलिस ने शव को सावर चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया। मृतक का पोस्टमार्टम आज कराया जाएगा।

गौरतलब है कि सावर क्षेत्र में पिछले दो दिनों से तेज अंधड़ और बारिश का दौर जारी है, जिससे जनजीवन प्रभावित होने के साथ कई स्थानों पर नुकसान की घटनाएं भी सामने आ रही हैं।

# बेटी की शादी से पांच दिन पहले पिता की हत्या, भतीजा और उसकी पत्नी गिरफ्तार

## बागोर थाना पुलिस ने किया खुलासा, एक विधि से संघर्षरत बालक भी निरुद्ध; शादी के संगीत कार्यक्रम के दौरान हुई थी वारदात

**भीलवाड़ा फोकस @ बागोर।**

थाना क्षेत्र की लक्ष्मणगढ़ कॉलोनी में बेटी की शादी की तैयारियों के बीच हुई एक व्यक्ति की निर्मम हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक विधि से संघर्षरत बालक को निरुद्ध किया गया है। हत्या की यह वारदात 3 जून की रात उस समय हुई थी, जब मृतक के घर में बेटी के विवाह को लेकर संगीत कार्यक्रम चल रहा था। पुलिस जांच में सामने आया है कि पुरानी रंजिश और समारोह के दौरान हुए विवाद के बाद आरोपियों ने कुल्हाड़ी और धारदार हथियारों से हमला कर व्यक्ति की हत्या कर दी। पुलिस ने हत्या के मामले में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी और वारदात के खुलासे के लिए पुलिस उपाधीक्षक मांडल राहुल जोशी (आरपीएस) के निर्देशन में विशेष टीम का गठन किया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वारदात में शामिल आरोपियों को चिन्हित कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार लक्ष्मणगढ़ कॉलोनी निवासी कैलाश कंजर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके भाई विनोद कंजर की पुत्री अंजली कंजर का विवाह 8 जून को होना तय था। विवाह की तैयारियां जोरों पर चल रही थीं और 3 जून की रात करीब 9 बजे घर के बाहर डीजे पर संगीत कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा था। उसी दौरान विनोद कंजर घर के बाहर चौक में बैठा हुआ था। आरोप है कि इसी दौरान कमलेश कंजर, किशन कंजर और सनूड़ी कंजर एक राय होकर वहां पहुंचे। उनके हाथों में कुल्हाड़ी और अन्य धारदार हथियार थे। आरोपियों ने विनोद कंजर के साथ विवाद शुरू कर दिया। देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में बदल गई और आरोपियों ने विनोद कंजर पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले के दौरान उसके सिर पर कुल्हाड़ी से गंभीर वार किए गए, जिससे वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। परिजन और आसपास के लोग घायल विनोद कंजर को बचाने के लिए दौड़े, लेकिन गंभीर चोटों के कारण उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही बागोर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी गई, जिसके बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहाड़ा और पुलिस उपाधीक्षक मांडल भी घटनास्थल पहुंचे।

पुलिस ने एफएसएल टीम की सहायता से घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। इसके बाद मेडिकल बोर्ड से शव का पोस्टमार्टम कराया गया और हत्या सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल से मिले साक्ष्यों, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और स्थानीय स्तर पर जुटाई गई सूचनाओं के आधार पर आरोपियों की पहचान की। विशेष टीम ने लगातार दबिश देकर मामले में किशन कंजर (27) पुत्र राकेश कंजर निवासी लक्ष्मणगढ़ कॉलोनी तथा उसकी पत्नी सनूड़ी कंजर (25) को गिरफ्तार कर लिया। वहीं घटना में शामिल एक विधि से संघर्षरत बालक को भी निरुद्ध किया गया है। पुलिस जांच में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी किशन कंजर मृतक विनोद कंजर का भतीजा है। दोनों के बीच लंबे समय से आपसी रंजिश चली आ रही थी। प्रारंभिक अनुसंधान में यह भी सामने आया कि विवाह समारोह के दौरान घर के बाहर डीजे पर नाचने की बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ था। इसी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया और आरोपियों ने एक राय होकर विनोद कंजर पर हमला कर दिया। सिर पर किए गए वार उसके लिए जानलेवा साबित हुए। मामले के खुलासे में थानाधिकारी भंवरलाल के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टीम में उपनिरीक्षक गणपत सिंह, हेड कांस्टेबल श्यामलाल, कांस्टेबल रविकुमार, संजय कुमार, किशनलाल, सीताराम, आत्माराम, रामप्रकाश, महिला कांस्टेबल सुनिता और अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों ने टीम के प्रयासों की सराहना की है।

# करेड़ा पुलिस ने ट्रैक्टर चोरी का खुलासा किया, आरोपी गिरफ्तार

## चोरी किया गया ट्रैक्टर बरामद, वैज्ञानिक जांच और सीसीटीवी फुटेज से मिली सफलता

**भीलवाड़ा फोकस @ करेड़ा।**

थाना पुलिस ने ट्रैक्टर चोरी के एक मामले का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी किया गया ट्रैक्टर बरामद कर लिया है। आरोपी की पहचान हेमराज बैरवा (22) निवासी बागौर के रूप में हुई है। थाना प्रभारी पुरणमल ने बताया की हाथीपुरा निवासी कांशीराम जाट ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि 31 मई की रात उसने अपना ट्रैक्टर बाड़े में खड़ा किया था। अगले दिन सुबह उसकी पत्नी जब पशुओं का दूध निकालने पहुंची तो बाड़े के गेट का कुंदा टूटा हुआ मिला तथा ट्रैक्टर गायब था। चोर डीजल का ड्रम भी खाली कर गए थे। रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

जांच के दौरान पुलिस टीम ने वैज्ञानिक एवं पारंपरिक पुलिसिंग का सहारा लेते हुए मुखबिर तंत्र सक्रिय किया तथा घटना स्थल के आसपास के मार्गों पर लगे करीब 100 से 150 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। इसके अलावा संपत्ति संबंधी अपराधों में पूर्व में चालानशुदा अपराधियों की निगरानी कर उनके मोबाइल नंबरों की कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) का विश्लेषण किया गया।

जांच के आधार पर पुलिस ने हेमराज बैरवा को हिरासत में लेकर पूछताछ की। गहन एवं मनोवैज्ञानिक तरीके से की गई पूछताछ में आरोपी ने ट्रैक्टर चोरी करना स्वीकार कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर चोरी किया गया ट्रैक्टर भी बरामद कर लिया गया।

C M Y K

# बोरिंग चालू करते समय पैर फिसलने से एनिकट में डूबने से किसान की मौत

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**( सांवर वैष्णव ):-** सदर थाना क्षेत्र के पौंडरास गांव में फसल की पिलाई के लिए बोरिंग चालू करते समय एनिकट में डूबने से एक किसान की मौत हो गई, सदर थाना पुलिस ने जिला चिकित्सालय में शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुऊ किया । एएसआई शैतान सिंह मीणा ने बताया कि पौंडरास निवासी लादू पिता प्यारा भील ने रिपोर्ट दी की उसका छोटा भाई भेरूलाल पिता भूरालाल भील उम्र 53 वर्ष जो शनिवार सुबह 9:00 बजे घर से फसल की पिलाई करने के लिए भैरु पिता मगना भील का खेत जो सिजारे ले रखा, उस खेत पर पिलाई करने खेत पर गया था जो देर शाम तक भी घर नहीं लौटा, इस पर परिजनों ने तलाशी की तो शाम 7 बजे सरकारी एनिकट में पड़ा हुआ मिला, जिसको परिजन जिला



चिकित्सालय ले गए, जहां डॉक्टरों ने भेरूलाल को मृत घोषित किया । परिजनों ने बताया कि पिलाई के लिए सरकारी एनिकट में बोरिंग चालू करने के दौरान पैर फिसलने से भेरूलाल एनिकट में गिर गया । आज रविवार को जिला चिकित्सालय में शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द किया । इस दौरान रूपाहेली प्रशासक प्रतिनिधि ओमप्रकाश जाट मौजूद रहे ।।

# बजरी माफियों को पुलिस की लोकेशन देना पड़ा भारी, चार गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**( सांवर वैष्णव ):-** अवैध बजरी खनन एवं परिवहन में संलिप्त, पुलिस की मोबाईल से लोकेशन रख बजरी माफियाओं को मोबाईल से सुचना देने के मामले में बड़लियास पुलिस ने चार जनों को गिरफ्तार किया । थाना प्रभारी जसवंत सिंह ने बताया कि अवैध बजरी खनन को लेकर माफियों को पुलिस कि लोकेशन देने के मामले में पुलिस ने बड़लियास थाना क्षेत्र के बन्ना लाल पिता भैरू लाल जाट उम्र 35 वर्ष निवासी जीवा का खेड़ा, मुकेश पिता मदन लाल ओड़ उम्र 28 वर्ष निवासी चांदगढ़, नानू राम पिता भैरू लाल दरोगा उम्र 26 वर्ष निवासी चांदगढ़ व अजयराज सिंह पिता शिव सिंह राजपूत उम्र 25 वर्ष निवासी चांदगढ़ को शांति भंग में गिरफ्तार किया गया । अवैध बजरी खनन/परिवहन पर लगातार कार्यवाही जारी है तथा पुलिस की लोकेशन रखने वाले गुप्स जय मां जोगणियां, जय खोटाण माता महाकाल, जय श्री राम व जय सांवरिया सेठ पर पुलिस द्वारा निगरानी रखी ।।

# पदम प्रभु दिगंबर जैन मंदिर में श्री शांतिनाथ मंडल विधान पूजा आयोजित हुई

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

बापू नगर स्थित श्री पदम प्रभु दिगंबर जैन मंदिर में मूलनायक पदम प्रभु भगवान का महामस्तकाभिषेक एवं शांतिनाथ मंडल विधान पूजा आयोजित हुई।

प्रचार मंत्री प्रकाश पाटनी बताया कि प्रातः पदम प्रभु भगवान, शांतिनाथ एवं पार्श्वनाथ भगवान पर 108 रिद्धि मंत्रों से महामस्तकाभिषेक हुआ। बाद में रूपचंद, दिलीप कुमार, लक्ष्मीकांत, एवं कमल कुमार पाटोदी ने पदम प्रभु, सुशील चंद जैन, दिलीप कुमार जैन ने शांतिनाथ भगवान एवं सुनील कुमार सबलावत, दिनेश जैन ने पार्श्वनाथ भगवान पर शांतिधारा की। इस उपरांत प्रतिष्ठाचार्य पदमचंद काला एवं पूनम चंद सेठी के निर्देशन में स्व. श्रीमती सुशीला देवी जैन की स्मृति में आयोजित शांतिनाथ मंडल



विधान पूजा के प्रारंभ में विधान पर पांच कलशो की स्थापना की। श्रावक-श्राविकाओं भक्ति संगीत के साथ विधान पूजा में 120 अर्ग समर्पण किये। समापन पर शांतिनाथ भगवान की आरती की। विधान में परिवारजन एवं समाजजनों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। लक्ष्मीकांत जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# सड़क बनी, लेकिन बीच में खड़े रह गए बिजली के पोल! बनेड़ा में निर्माण कार्य पर उठे बड़े सवाल



**भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा**

**परमेश्वर** - नगर पालिका द्वारा एसडीएम कार्यालय से घाटी के हनुमानजी रोड तक कराए जा रहे सीसी सड़क निर्माण कार्य ने शुरू होते ही विवादों का रूप ले लिया है। लाखों रुपये की लागत से बन रही इस सड़क पर बिजली के पोल और ट्रांसफार्मर के खंभों को हटाए बिना ही सीमेंट-कंक्रीट की सड़क बना दी गई, जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता, तकनीकी मानकों और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि विकास कार्यों का उद्देश्य आमजन को सुविधा देना होता है, लेकिन यहां स्थिति इसके बिल्कुल उलट दिखाई दे रही है। सड़क निर्माण पूरा होने के बावजूद कई स्थानों पर बिजली के पोल सड़क के बीचों-बीच या उसके बेहद करीब खड़े नजर आ रहे हैं। ऐसे में लोगों का सवाल है कि जब सड़क निर्माण की योजना बनाई गई थी, तब संबंधित विभागों के बीच समन्वय क्यों नहीं किया गया?

क्षेत्रवासियों का आरोप है कि यदि पहले पोलों को हटाकर सड़क का निर्माण किया जाता तो न केवल सड़क चौड़ी और सुरक्षित बनती, बल्कि भविष्य में सरकारी धन की बर्बादी भी नहीं होती। अब यदि पोल हटाने की प्रक्रिया शुरू की जाती है तो नई बनी सड़क को नुकसान पहुंचने की आशंका है। लोगों का कहना है कि यह योजना और क्रियान्वयन के बीच तालमेल की कमी को दर्शाता है।

स्थानीय नागरिकों ने यह भी चिंता जताई कि सड़क पर खड़े पोल भविष्य में दुर्घटनाओं का कारण बन सकते हैं। खासकर रात के समय और तेज गति से गुजरने वाले वाहनों के लिए यह स्थिति जोखिमपूर्ण साबित हो सकती है। सड़क निर्माण के दौरान सुरक्षा मानकों की अनदेखी किए जाने के आरोप भी लगाए जा रहे हैं। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि विकास कार्यों में गुणवत्ता और जवाबदेही सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। यदि निर्माण कार्य तकनीकी मानकों के अनुरूप नहीं हुआ है तो इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और जिम्मेदार अधिकारियों तथा एजेंसियों की जवाबदेही तय की जानी चाहिए।

नागरिकों ने नगर पालिका, विद्युत विभाग और प्रशासन से संयुक्त रूप से मौके का निरीक्षण कर समस्या का स्थायी समाधान निकालने की मांग की है। लोगों का कहना है कि सड़क बनने के बाद भी यदि आमजन को खतरे और असुविधा का सामना करना पड़े तो ऐसे विकास कार्यों का औचित्य ही सवालों के घेरे में आ जाता है।

# जोगणिया माता में निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर, 315 मरीजों ने उठाया लाभ

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

श्री जोगणिया माता शक्तिपीठ प्रबंध एवं विकास संस्थान द्वारा आयोजित सप्तदिवसीय शिव शक्ति महायज्ञ, स्वर्ण कलश प्रतिष्ठा एवं वार्षिक महोत्सव (पाटोत्सव) के तहत रविवार को श्री सिद्धि विनायक हॉस्पिटल, भीलवाड़ा के सहयोग से एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। शिविर के दौरान विभिन्न रोगों से पीड़ित



बिजोलिया । शिविर में जांच करते हुए

करीब 315 मरीजों की निःशुल्क जांच एवं चिकित्सा परामर्श किया गया। वहीं गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से ग्रसित लगभग 80 मरीजों का चयन कर उन्हें निःशुल्क ऑपरेशन हेतु भीलवाड़ा रेफर किया गया। शिविर में हृदय रोग, यूरोलॉजी, गैस्ट्रो सर्जरी, स्त्री एवं प्रसूति रोग, नाक-कान-गला (ईएनटी) तथा जनरल मेडिसिन सहित विभिन्न सुपर स्पेशियलिटी विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक उपचार एवं स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया गया। श्री सिद्धि विनायक हॉस्पिटल के डॉ. दुष्यंत शर्मा ने कहा कि जोगणिया माता सेवा संस्थान समाजसेवा का अनूठा उदाहरण है। यहां श्रद्धालुओं, सनातन संस्कृति और वैदिक परंपराओं के प्रचार-प्रसार के लिए किए जा रहे कार्य अनुकरणीय हैं।

# राष्ट्र कल्याण की भावना से भीलवाड़ा में पहली बार कल से सप्त दिवसीय विष्णु लक्ष्मी महायज्ञ

## छोटी हरणी स्थित हनुमान टेकरी आश्रम में महन्त बनवारीशरण काठियाबाबा के सान्निध्य में आयोजन की तैयारियां पूर्ण

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

पुरूषोत्तम मास के पावन अवसर पर धर्मनगरी भीलवाड़ा शहर में पहली बार सप्त दिवसीय विष्णु लक्ष्मी महायज्ञ का आयोजन छोटी हरणी स्थित हनुमान टेकरी आश्रम में महन्त बनवारीशरण काठियाबाबा के सान्निध्य सोमवार से होगा। इस महायज्ञ का समापन 14 जून को होगा। इस भव्य आयोजन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। महायज्ञ यज्ञाचार्य श्री शारदा सनातन परमार्थ न्यास के वेदाचार्य पंडित मुकेश शास्त्री होंगे। महायज्ञ के साथ इस अवधि में वृन्दावन के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा प्रतिदिन रात 8 बजे से भक्तिपूर्ण रासलीला का भी आयोजन आश्रम परिसर में होगा। महायज्ञ के लिए आश्रम परिसर में 11 कुण्डीय विशाल यज्ञ मण्डप तैयार किया गया है जिसमें प्रतिदिन सुबह 8 से दोपहर 12 बजे



तक एक साथ 44 जजमान आहुति दे सकेंगे। महन्त बनवारीशरण काठियाबाबा के अनुसार पुरूषोत्तम मास के पावन अवसर पर भगवान श्री हरि माता लक्ष्मी की कृपा प्राप्त करने हेतु होने वाले विष्णु लक्ष्मी महायज्ञ में 111 कलशों को लक्ष्मी स्रोत से सिद्ध किया जाएगा। महायज्ञ की पूर्णाहुति होने के बाद यजमानों को लक्ष्मी कलश प्रदान किए जाएंगे। विशेष औषधियों से हवन दसविद् लक्ष्मी प्राप्ति,ऋण मुक्ति, रोग नाश ओर राष्ट्र कल्याणार्थ के लिए इस महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। महायज्ञ के शुभारंभ पर पहले दिन सोमवार सुबह 8 बजे श्री चारभुजानाथ मंदिर छोटी हरणी से यज्ञ मण्डप तक कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद यज्ञ मण्डप प्रवेश, देवता स्थापना पूजन, अग्नि मंथन होकर यज्ञ प्रारंभ होगा। महायज्ञ के तहत 9 जून मंगलवार को गुड, केसर, अनार, हरिद्रा अनके प्रकार के द्रव्यों से हवन किया जाएगा। महायज्ञ की पूर्णाहुति 14 जून को अभिजीत मुर्हुत में होगी। आरती के बाद महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। महन्त बनवारीशरण काठियाबाबा ने बताया कि समाज के सभी वर्गो की सहभागिता से हो रहे इस आयोजन को सफल बनाने में छोटी हरणी के ग्रामवासियों का भी पूरा सहयोग मिल रहा है।

# महेश नवमी महोत्सव 2026 के 17 दिवसीय कार्यक्रमों का रक्तदान शिविर से हुआ भव्य आगाज

## एमपीएस स्कूल और सांवरिया रिसॉर्ट में हुआ रक्तदान शिविर का आयोजन, समाजसेवियों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर निभाई भागीदारी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

श्रीनगर माहेश्वरी सभा भीलवाडा के तत्वाधान में आयोजित महेश नवमी महोत्सव के कार्यक्रमों की श्रृंखला का शुभारंभ रविवार को विशाल रक्तदान शिविर के साथ हुआ। जिसमें 255 युनिट रक्त संग्रहित किया गया। समाज के युवाओं, महिलाओं एवं वरिष्ठजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए मानव सेवा और सामाजिक सरोकार का परिचय दिया। संयोजक अतुल राठी ने बताया की बांगड़ माहेश्वरी मेडिकल वेलफेयर सोसायटी के सहयोग से दक्षिणी राजस्थान, जिला एवं नगर माहेश्वरी युवा संगठन द्वारा पहले चरण में दो रक्तदान शिविर आयोजित किए गए। प्रथम शिविर आजाद नगर स्थित एमपीएस स्कूल में और दूसरा तेजसिंह सर्किल स्थित सांवरिया रिसॉर्ट में लगाया गया। जिसमें



एमपीएस स्कूल में 120 व सांवरिया रिसॉर्ट में 135 युनिट रक्त संगहित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान कर जरूरतमंदों के जीवन बचाने का संकल्प लिया। केशव हॉस्पिटल एवं महात्मा गांधी हॉस्पिटल की चिकित्सा टीमों ने रक्त संग्रहण एवं स्वास्थ्य परीक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान महेश की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। सह संयोजक सुरेश बिड़ला, केजी राठी व अर्चित मुन्द्रडा ने बताया की उक्त शिविर में शहर कोतवाल हनुमान सिंह चौधरी के साथ ही समाज के राधेश्याम चेचाणी, केलाश कोठारी, राधेश्याम सोमानी, अशोक बाहेती, प्रदीप बल्दवा, रमेश राठी, रामकिशन सोनी, सुशील मारोठिया, महेन्द्र काकानी, राधेश्याम सोमानी (मरूधरा), ओम नरानीवाल, राजेंद्र कचोलिया, कृष्ण गोपाल जागेटिया सत्यनारायण मूंदड़ा, केदार जागेटिया, प्रहलाद नुवाल, सुनील बियानी, विनय माहेश्वरी, गोपाल नरानीवाल, प्रमोद डाड, मनोहर अजमेरा, दिनेश हेडा, रामकुष्ण पोरवाल, अंकित लखोटिया, मधू जाजू ने अवलोकन कर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए समाजहित में रक्तदान को महादान बताया गया। शिविर की व्यवस्थाओं के संचालन में रक्तदान मुख्य प्रभारी तरूण सोमाणी, राकेश काबरा, महेश जाजू और अंकित सोमानी सहित चंद्रशेखर आजाद नगर कमलेश काबरा, बापू नगर कैलाश लखोटिया, बसंत विहार परीक्षित नामधर, आजाद नगर लादूलाल सोमानी, पुर गोपाल किशन पलोड, काशीपुरी पुनीत सोनी, शास्त्रीनगर भेरूलाल सोमानी, तिलक नगर अशोक तुरकिया, व सुशील बांगड़, महिला संगठन की अध्यक्षा अंकिता कोगटा, सचिव मोनिका नकलक तथा युवा अध्यक्ष सुधीर अजमेरा एवं सचिव प्रीतम बाहेती का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी रक्तदाताओं, चिकित्सकों एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए समाज को सेवा कार्यों में निरंतर आगे आने का संदेश दिया।

# भाजपा नंदराय मंडल की मासिक बैठक आयोजित, संगठन मजबूती पर दिया जोर

**भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास**

**(रोशन)।** बड़लियास स्थित चंवरा के हनुमानजी मंदिर प्रांगण में रविवार को भाजपा नंदराय मंडल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में मंडल पालक कल्पेश चौधरी मौजूद रहे, जबकि बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष प्रकाश सांगावत ने की।

बैठक को संबोधित करते हुए विधायक गोपाल खंडेलवाल ने मंडल कार्यकर्ताओं के साथ संगठनात्मक गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं को विभिन्न शक्ति केंद्रों का प्रभारी बनाकर जिम्मेदारियां




सौंपी तथा प्रत्येक माह शक्ति केंद्रों पर प्रवास करने के निर्देश दिए। साथ ही बूथ अध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओं के साथ नियमित बैठकें आयोजित कर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने पर जोर दिया।

मंडल पालक कल्पेश चौधरी ने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की सक्रियता और समर्पण से ही संभव है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने तथा पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को आमजन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंडल अध्यक्ष प्रकाश सांगावत ने सभी कार्यकर्ताओं से संगठन की मजबूती के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता आपसी समन्वय के साथ पार्टी की नीतियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं तथा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

बैठक में पूर्व पंचायत समिति सदस्य दिलीप सिंह राणावत, विधानसभा संयोजक अनिल पारीक, मंडल महामंत्री भुवनेश चौधरी, दुष्यंत रासतला, श्याम पालीवाल, पूर्व सरपंच शोभालाल जाट, लादू व्यास, अनिल शर्मा, मुकेश शर्मा, शांतिलाल सालवी, चीकू सोनी, मदन प्रजापत, राजू सिसोदिया, शिव तेली, कालू नाथ सहित मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



QUICK BITES

## बनेड़ा प्रीमियर लीग (बीपीएल-2026) का भव्य शुभारंभ, विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह

भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा



-परमेश्वर

क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता बनेड़ा प्रीमियर लीग (बीपीएल-2026) का भव्य शुभारंभ हुआ। ईगल क्रिकेट क्लब एवं समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में शाहपुरा-बनेड़ा विधायक डॉ. लालाराम बैरवा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजाधिराज गोपाल चरण सिंह सिसोदिया ने की । वहीं वरिष्ठ अतिथि के रुप में जिला वॉलीबॉल संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष लक्ष्मी लाल सोनी , पूर्व सरपंच चमनपुरा महाराज भैरु सिंह राणावत उपस्थित रहे,कार्यक्रम में बड़ी संख्या में खेल प्रेमी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे।

उद्घाटन पूर्व विधायक डॉ लालाराम बैरवा का पुराने बस स्टैंड स्थित सत्यनारायण मंदिर पर खेल प्रेमियों द्वारा भव्य स्वागत कर रथ में बैठाकर वाहन रैली के साथ आयोजन स्थल पहुंचाया गया। विधायक डॉ लालाराम बैरवा, ने दिवंगत हुए पूर्व क्रिकेटर ईगल क्लब बनेड़ा सुनिल त्रिपाठी , स्व.शशिकांत डाकोत व स्व. सत्तु डाकोत कि तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की

उद्घाटन समारोह में विधायक डॉ. बैरवा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा खेल मैदान पर पहुंचकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त माध्यम हैं। खेलों से युवाओं में अनुशासन, समर्पण, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास होता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित होने वाली ऐसी प्रतियोगिताएं प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करती हैं तथा युवाओं को सकारात्मक दिशा में प्रेरित करती हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जीत और हार खेल का हिस्सा हैं, लेकिन खेल भावना के साथ खेलना सबसे महत्वपूर्ण है। विधायक ने खिलाड़ियों से स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और अनुशासन बनाए रखने का आह्वान किया। साथ ही प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए ईगल क्रिकेट क्लब एवं ग्रामवासियों की सराहना करते हुए कहा कि युवाओं के लिए इस प्रकार के आयोजन समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं।

इस अवसर पर भाजपा नेता राजेन्द्र बोहरा, बालाराम खारोल, एसडीएम बाबूलाल, निर्वतमान सरपंच सम्पत माली, भाजपा मंडल महामंत्री राजमल माली, भाजपा नेता कैलाश माली, पूर्व रणजी प्लेयर महेन्द्र सिंह राठौड़, शारिरिक शिक्षक दौलत सिंह, पूर्व भाजपा मंडल महामंत्री बनेड़ा शंकर कुमावत, भाजपा युवा नेता महिम सुवालका, भाजपा नेता कमलेश भंडारी, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष रामेश्वर लाल बैरवा,भैरूलाल लक्षकार, उपसरपंच देबीलाल, वरिष्ठ नेता जगदीश खटीक, भाजपा नेता यासीन मोहम्मद छीपा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## नई शिक्षा नीति के ब्रांड एंबेसडर बन रहे प्रशांत चौधरी

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।



**मूलचंद पेसवानी।** भीलवाड़ा जिले के फूलियाकलां स्थित श्री कल्याण राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के भूगोल व्याख्याता प्रशांत चौधरी शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बना रहे हैं। वर्ष 2026 में प्रकाशित कक्षा 7 की पाठ्यपुस्तक 'हमारा राजस्थान' के लेखन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

प्रशांत चौधरी वर्तमान में आरएससीईआरटी के असेसमेंट सेल में डीआरजी सदस्य के रूप में कार्यरत हैं तथा होलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड, प्रश्न बैंक, प्रशिक्षण मॉड्यूल और मूल्यांकन प्रणाली के विकास में योगदान दे रहे हैं। वे डाइट शाहपुरा के एजुकेशन टेक्नोलॉजी सेल से जुड़कर शिक्षकों को डिजिटल शिक्षा, एआई और आईसीटी आधारित शिक्षण का प्रशिक्षण भी दे रहे हैं।

उनकी शैक्षणिक दक्षता को देखते हुए हाल ही में आरएससीईआरटी अजमेर ने उन्हें पीएम ई-विद्या चैनल के लिए कक्षा 11 एवं 12 के भूगोल विषय की स्टूडियो रिकॉर्डिंग हेतु आमंत्रित किया है। शोध, पाठ्यपुस्तक लेखन, शिक्षक प्रशिक्षण और डिजिटल शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए उन्हें विभिन्न ब्लॉक एवं राज्य स्तरीय सम्मान भी मिल चुके हैं।

प्रशांत चौधरी की उपलब्धियां न केवल भीलवाड़ा जिले बल्कि पूरे राजस्थान के शिक्षा जगत के लिए प्रेरणास्रोत बन रही हैं।

## दोस्त के साथ मारपीट करने वाले तीन दोस्त गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

**( सांवर वैष्णव ):-** नेशनल हाईवे 758 पर सोपुरा चौराहे पर गुरुवार रात्रि को जोगणियां माता के दर्शन करने जा रहे अजमेर जिले के युवक के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने तीन दोस्तों को गिरफ्तार किया । थाना प्रभारी जसवंत सिंह ने बताया कि घायल युवक ओमप्रकाश पिता देवकरण गुर्जर निवासी माकड़वाली, थाना कृष्णगंज, अजमेर के साथ उसके दोस्त जोगणिया माता घूमने आये थे , दोस्तो ने रास्ते में ओमप्रकाश के साथ शराब पी , शराब के नशे में बोलचाल होने पर ओमप्रकाश गुर्जर पर जानलेवा हमला कर घायल कर दिया , जिस पर थाना पुलिस द्वारा कार्रवाई कर तीन मुल्जिम राकेश पिता हिरा लाल जाति चोधरी उम्र 20 साल निवासी तिलोनिया थाना बॉदर सिंदरी जिला अजमेर, देवेन्द्र उर्फ देवा पिता सुखराम गुर्जर उम्र 26 साल निवासी बडगांव थना शहर थाना किशनगढ जिला अजमेर, राहुल पिता सरदार जी गुर्जर जाति गुर्जर उम्र 21 साल निवासी पाटन थाना बॉदरसिंदरी जिला अजमेर को गिरफ्तार किया गया ।।

## माहेश्वरी समाज धूमधाम से मनाएगा महेश नवमी महोत्सव

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



श्रीनगर माहेश्वरी सभा के तत्वावधान में माहेश्वरी समाज द्वारा महेश नवमी महोत्सव श्रद्धा, उत्साह और धूमधाम से मनाया जाएगा। पत्रकार वार्ता में संयोजक अतुल राठी और नगर अध्यक्ष केदार गगरानी ने बताया कि महोत्सव की शुरुआत 7 जून को रक्तदान शिविर एवं सांस्कृतिक संध्या 'मंथन' से होगी। 8 से 21 जून तक खेलकूद महोत्सव के तहत महेश प्रो कबड्डी, क्रिकेट, महिला क्रिकेट, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, शतरंज, टेबल टेनिस, स्केटिंग, कैरम सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। वहीं नगर माहेश्वरी महिला संस्थान द्वारा तीन दिवसीय रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाएगा। सह संयोजक सुरेश बिरला, कृष्ण गोपाल राठी एवं अर्चित मून्द्रड़ा ने बताया कि 22 जून को रामेश्वरम भवन में हास्य कवि सम्मेलन 'हास्य हंगामा-2' आयोजित होगा, जिसमें प्रसिद्ध कवि हरिओम पंवार, सुरेश अलबेला, अनिल अग्रवंशी, आयुषी रायचंदा एवं डॉ. आदित्य जैन प्रस्तुति देंगे। मीडिया प्रभारी पंकज पोरवाल ने बताया कि 23 जून को भगवान महेश का महाअभिषेक, छप्पन भोग, महाआरती एवं प्रसाद वितरण होगा। शाम 4:30 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी तथा रामेश्वरम भवन में करीब 18 हजार माहेश्वरी बंधुओं का सामूहिक स्नेह भोज आयोजित किया जाएगा।


# वैदिक मंत्रों की गूंज से गुंजायमान हुआ सगतपुरिया का बैकुंठधाम

## पुरुषोत्तम अधिकमास पर श्रीरामचरितमानस पाठ का शुभारंभ, विश्व कल्याण के लिए 8 जून को होगा भैरव यज्ञ

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

**मूलचन्द पेसवानी**





निकटवर्ती सगतपुरिया ग्राम स्थित बैकुंठधाम रविवार को श्रद्धा, भक्ति और वैदिक परंपराओं का अद्भुत संगम बन गया। पुरुषोत्तम अधिकमास के पावन अवसर पर यहां श्रीरामचरितमानस पाठ का शुभारंभ विधि-विधान एवं धार्मिक अनुष्ठानों के साथ किया गया। पूरे परिसर में मंत्रोच्चार, शंखध्वनि और भक्तिमय वातावरण ने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर दिया।कार्यक्रम की शुरुआत गांव के आराध्य चारभुजानाथ भगवान के बेवाण को गाजे-बाजे और भजन-कीर्तन के साथ सम्मानपूर्वक बैकुंठधाम लाने से हुई। रास्ते भर श्रद्धालुओं ने जयकारों के साथ भगवान का स्वागत किया। बैकुंठधाम पहुंचने पर उपासक महेंद्र जोशी के नेतृत्व में बेवाण की आरती-वंदना कर भव्य अगवानी की गई।

इसके पश्चात बैकुंठधाम में विराजमान सर्व देवताओं का वैदिक रीति से अभिषेक किया गया तथा हवन-कुंड में वैदिक मंत्रों के साथ आहुतियां अर्पित कर लोकमंगल और धर्म-संवर्धन की कामना की गई। आयोजन के लिए पूरे बैकुंठधाम परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया, जिससे धार्मिक वातावरण और भी मनोहारी बन गया।

उपासक महेंद्र जोशी ने बताया कि श्रीरामचरितमानस पाठ की पूर्णाहुति 8 जून सोमवार प्रातः होगी। इस अवसर पर विशेष भैरव यज्ञ एवं महाहवन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विश्व शांति, सुख-समृद्धि और मानव कल्याण की कामना के साथ आहुतियां अर्पित की जाएंगी।

ज्योतिषाचार्य हरिशंकर शर्मा मंशा के मार्गदर्शन में पंडित कैलाश तिवाड़ी (गोगा का खेड़ा), पंडित जगदीश तिवाड़ी, पंडित सत्यनारायण जोशी, पंडित अभिषेक पाराशर, पंडित भगवान पुरोहित एवं पंडित हर्षित तिवाड़ी ने गणेश पूजन, षोडशोपचार पूजन, वास्तु पूजन, योगिनी पूजन, नवग्रह पूजन, रुद्र पूजन, क्षेत्रपाल पूजन, सर्वतोभद्र मंडल, रामायण मंडल, रामदरबार, हनुमानजी एवं चारभुजा भगवान के पूजन-अभिषेक सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए।

धार्मिक आयोजन में सगतपुरिया के अलावा कोटड़ी, आकोला, भीलवाड़ा और शाहपुरा से बड़ी संख्या में साधक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरे दिन भक्ति, आस्था और वैदिक परंपरा का ऐसा वातावरण बना रहा जिसने बैकुंठधाम को आध्यात्मिक उत्सव का स्वरूप प्रदान कर दिया।

# जब पुलिस उतरी साइकिल पर... तो शहर ने कहा- फिटनेस भी, पर्यावरण भी!

## फिटनेस की डोज, आधा घंटा रोज के नारों से गूंजा भीलवाड़ा, बच्चों से लेकर वरिष्ठ नागरिक और पुलिस अधिकारी तक बने साइकिल के सारथी"

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

**मूलचन्द पेसवानी**



आज रविवार की सुबह भीलवाड़ा की सड़कों पर कुछ अलग ही नजारा देखने को मिला। जहां आम दिनों में पुलिसकर्मी ट्रैफिक संभालते नजर आते हैं, वहीं इस बार वे खुद साइकिल की सवारी करते हुए लोगों को स्वस्थ जीवन और स्वच्छ पर्यावरण का संदेश देते दिखाई दिए। संडे ऑन साइकिल अभियान के तहत निकली भव्य साइकिल रैली ने शहरवासियों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लिया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमंत नोगिया के निर्देशानुसार भीलवाड़ा पुलिस विभाग, भीलवाड़ा साइकिल क्लब एवं प्राकृतिक कुल्हड़ ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस रैली को सिटी कंट्रोल रूम, स्टेशन चैराहा से सीओ सिटी सज्जन सिंह, सीओ सदर भवानी सिंह तथा वरिष्ठ नागरिक मंच के अध्यक्ष मदन खटोड़ ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए पुनः सिटी कंट्रोल रूम पहुंचकर सम्पन्न हुई। रैली के दौरान फिटनेस की डोज, आधा घंटा रोज, साइकिल चलाओ, पर्यावरण बचाओ और साइकिल चलाओ, स्वास्थ्य बनाओ जैसे जोशीले नारों से पूरा वातावरण उत्साह और जागरूकता से भर गया। राहगीर भी रैली को देखकर मुस्कुराते नजर आए और कई लोगों ने इस पहल की सराहना की।

सबसे खास बात यह रही कि इस अभियान में केवल युवा ही नहीं, बल्कि वरिष्ठ नागरिकों और नन्हे बालक-बालिकाओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। बच्चों का उत्साह और बुजुर्गों का जोश यह संदेश दे रहा था कि स्वस्थ जीवन के लिए उम्र नहीं, बल्कि संकल्प जरूरी होता है। पुलिस विभाग की ओर से थाना कोतवाली प्रभारी हनुमान सिंह, थाना भीमगंज प्रभारी सुनील कुमार, थाना पुर प्रभारी कन्हैयालाल सहित अनेक पुलिस अधिकारियों और जवानों ने स्वयं पूरी दूरी तक साइकिल चलाकर आमजन को प्रेरित किया। पुलिस की यह सकारात्मक और जनसरोकार वाली छवि लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी रही।

इस अवसर पर सीओ सिटी सज्जन सिंह, सीओ सदर भवानी सिंह एवं वरिष्ठ नागरिक मंच के अध्यक्ष मदन खटोड़ ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण, बदलती जीवनशैली और असंतुलित खान-पान के दौर में साइकिल सबसे सरल, सस्ता और प्रभावी स्वास्थ्य साथी है। नियमित साइकिल चलाने से व्यक्ति स्वस्थ रहता है, ईंधन की बचत होती है और पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलता है। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं और विद्यार्थियों से साइकिल को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि स्वस्थ नागरिक ही मजबूत समाज और सशक्त राष्ट्र की नींव होते हैं। ऐसे अभियान समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

साइकिल क्लब प्रभारी अरुण संतोष मुछाल ने बताया कि अभियान का उद्देश्य आमजन में नियमित साइकिल चलाने की आदत विकसित करना, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने सफल आयोजन के लिए पुलिस विभाग, जिला प्रशासन एवं सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

# श्रीमद्भागवत जीवन जीने की कला का दिव्य मार्गदर्शन देती है - कृपारामजी महाराज

## गोवर्धन लीला, अक्रूर प्रसंग एवं कंस उद्धार का भावपूर्ण वर्णन,भजनों पर झूमे श्रद्धालु

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।





पूरणमल-सम्पत देवी रांदड़ परिवार के तत्वावधान में महेश वाटिका में आयोजित सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव के छठे दिवस कथा व्यास परम श्रद्धेय कृपारामजी महाराज (जोधपुर) ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल एवं किशोर लीलाओं का संगीतमय एवं भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के दौरान प्रस्तुत भक्तिमय भजनों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे तथा पूरा हॉल कृष्णमय वातावरण से गुंजायमान हो गया। कृपा राम जी महाराज ने पूतना वध, बकासुर वध एवं अघासुर वध जैसे प्रसंगों का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने बाल्यकाल से ही अधर्म एवं दुष्ट शक्तियों का नाश कर धर्म की स्थापना का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि ईश्वर अपने भक्तों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं।

गोवर्धन लीला का वर्णन करते हुए कृपारामजी महाराज ने बताया कि जब नारदजी ने इन्द्र को बताया कि ब्रज में एक सात वर्षीय बालक अपनी जय-जयकार करवा रहा है और लोग इन्द्र पूजा के स्थान पर गिरिराज पूजन कर रहे हैं, तब इन्द्र ने क्रोधित होकर ब्रजभूमि में मूसलाधार वर्षा कर दी। उस समय भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी तर्जनी अंगुली पर गोवर्धन पर्वत धारण कर समस्त ब्रजवासियों एवं गौधन की रक्षा की। इस प्रसंग पर प्रस्तुत भजन 'गिरिराज धरण, प्रभु तेरी शरण ', 'मेरे सिर पर रख दो कान्हा अपने ये दोनों हाथ' तथा 'सांवरिया आओ, छप्पन भोग लगाओ' पर श्रद्धालु भक्ति रस में डूब गए।

महाराजश्री ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने स्वयं उद्घोष किया कि वे केवल ग्वालबाल नहीं, बल्कि समस्त सृष्टि के पालनहार परमात्मा हैं। उन्होंने गोवर्धन लीला के माध्यम से प्रकृति संरक्षण, गौसेवा और अहंकार त्याग का संदेश दिया।

कथा में अक्रूरजी प्रसंग एवं श्रीकृष्ण के मथुरा गमन का वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि भगवान का प्रत्येक कार्य लोककल्याण के लिए होता है। अक्रूरजी की अनन्य भक्ति एवं भगवान के प्रति समर्पण की कथा सुनकर श्रद्धालु भावविह्वल हो गए। इस अवसर पर 'श्याम तेरी बंसी पुकारे राधा नाम ', 'कन्हैया तेरी याद में' एवं 'मुझे श्याम तेरे चरणों में बसा ले' भजनों की मधुर प्रस्तुतियों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया।कंस उद्धार प्रसंग का वर्णन करते हुए कृपारामजी महाराज ने कहा कि अधर्म, अन्याय और अत्याचार का अंत निश्चित है। भगवान श्रीकृष्ण ने कंस का वध कर धर्म की स्थापना एवं सत्य की विजय का संदेश दिया। इस प्रसंग पर 'नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की ', 'यशोदा के लाल ने मचाई धूम' तथा 'आओ मेरे सांवरे' भजनों पर श्रद्धालु नृत्य करने लगे। महाराजश्री ने कहा कि श्रीमद्भागवत केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला का दिव्य मार्गदर्शन है। इसके श्रवण से मनुष्य के जीवन में भक्ति, सदाचार, सेवा, करुणा एवं आध्यात्मिक चेतना का विकास होता है।

कथा के अंत में महा आरती में कैलाश जाजू, बजरंगलाल आगीवाल, सुवालाल रांदड़ , राजकुमार रांदड़ ,सुनील पारीक,रमेश जाखोटिया, कैलाश धूत ,मानक चंद रांदड़ गिरधर गोपाल लाहोटी, राज कुमार मनिहार, महेश हुरकट,राज कुमार तापड़िया एवं विजय रांदड़ ने सहभागिता निभाई।

आयोजक कमलेश सोनी, पंकज रांदड़ एवं मोहित सोनी ने बताया कि कथा महोत्सव में मुंबई, सूरत, इचलकरंजी, मकराना, मंगलाना, किशनगढ़, परबतसर एवं मेड़ता सहित विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेने पहुंचे।

आयोजक पीयूष सोनी ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव का समापन 8 जून को हवन, पूर्णाहुति एवं महाआरती के साथ होगा।

कथा के पश्चात महाराज ने गुरु मंत्र भी दिए तथा अनुयायियों को दो संकल्प दिलाए एक व्यसन छोड़ो और दूसरा पेड़ लगाओ ।

# भागवत भक्ति से आत्मा को मिलता है परम संतोषः स्वामी अशोकानंद जी महाराज

## -हरि शेवा उदासीन आश्रम में श्री शिव महापुराण कथा 8 जून से
## -सेवा व सुमिरन को जीवन का आधार बनाना होगाः महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन





**भीलवाड़ा फोकस @भीलवाड़ा ।**

सनातन सेवा समिति, हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर एवं महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम जी उदासीन महाराज के सान्निध्य में पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव का रविवार को श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ भव्य विश्राम हुआ। कथा समापन अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भागवत अमृत का रसपान कर धर्मलाभ प्राप्त किया तथा भगवान श्री हरि के जयघोषों से संपूर्ण आश्रम परिसर भक्तिमय हो उठा।

कथाव्यास पूज्य स्वामी अशोकानंद जी महाराज (भक्ति धाम आश्रम, नर्मदा तट, जबलपुर) ने अंतिम दिवस कथाव्यास पूज्य स्वामी अशोकानंद जी महाराज ने अंतिम दिवस श्रीमद्भागवत के विविध प्रेरणादायक प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के 16,108 रानियों के साथ दिव्य विवाह प्रसंग, स्यमंतक (स्यामंतक) मणि के आख्यान, कुरुक्षेत्र में गोपियों से भगवान के मिलन, भगवान दत्तात्रेय द्वारा बताए गए 24 गुरुओं के जीवनोपयोगी संदेश, सुदामा चरित्र तथा राजा परीक्षित के मोक्ष प्रसंग का विस्तृत वर्णन किया। उन्होंने बताया कि इन सभी प्रसंगों में भक्ति, ज्ञान, वैराग्य, मित्रता, समर्पण और आत्मकल्याण का अद्भुत संदेश समाहित है। भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता निष्काम प्रेम एवं सच्ची भक्ति का सर्वोत्तम उदाहरण है, वहीं परीक्षित मोक्ष प्रसंग यह संदेश देता है कि श्रद्धा और सत्संग के माध्यम से मनुष्य जन्म-मरण के बंधनों से मुक्ति प्राप्त कर सकता है। उन्होंने श्रीमद्भागवत में भगवान श्रीकृष्ण के 16,108 रानियों से विवाह, स्यमंतक मणि की कथा तथा कुरुक्षेत्र में गोपियों से पुनर्मिलन जैसे प्रसंग भगवान की दिव्य लीलाओं एवं भक्तवत्सल स्वरूप को प्रकट करते हैं। स्वामी अशोका नंद जी महाराज ने श्रीमद भागवत उपसंहार का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन को धर्म, भक्ति, ज्ञान और वैराग्य से जोड़ने वाला दिव्य मार्गदर्शक है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता निष्काम प्रेम, समर्पण एवं सच्ची भक्ति का अद्वितीय उदाहरण है। भगवान भक्त के भाव के भूखे होते हैं, वैभव के नहीं।

स्वामीजी ने कहा कि श्रीमद्भागवत का सार भगवान के प्रति अनन्य प्रेम और भक्ति में निहित है। भागवत हमें सिखाती है कि जीवन का परम लक्ष्य ईश्वर की प्राप्ति और आत्मा की शांति है। जब मनुष्य अहंकार, लोभ और मोह का त्याग कर प्रभु की शरण ग्रहण करता है, तब उसका जीवन सफल हो जाता है।

उन्होंने भागवत का प्रसिद्ध श्लोक सुनाते हुए कहा- 'स वै पुंसां परो धर्मो यतो भक्तिरधोक्षजे।
अहैतुक्यप्रतिहता ययाऽत्मा सुप्रसीदति॥
'भावार्थ : मनुष्य का सर्वोत्तम धर्म वही है जिससे भगवान के प्रति निष्काम, निरंतर एवं अविच्छिन्न भक्ति उत्पन्न हो। ऐसी भक्ति से आत्मा को वास्तविक शांति, आनंद एवं परम संतोष प्राप्त होता है।

स्वामीजी ने परीक्षित मोक्ष प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि भागवत श्रवण से मनुष्य के जीवन में भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का उदय होता है तथा जन्म-मरण के बंधनों से मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। कलियुग में भगवान के नाम का संकीर्तन, सत्संग और सेवा ही मोक्ष प्राप्ति का सरलतम साधन है।

कथा के दौरान प्रस्तुत संगीतमय भजनों ने श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। 'राधे-श्याम ', 'जय श्रीकृष्ण' एवं 'हरि बोल' के जयघोषों से संपूर्ण वातावरण गुंजायमान हो उठा तथा श्रद्धालु भजनों पर झूमते हुए भक्ति आनंद में लीन रहे।श्रीमद्भागवत कथा के विश्राम उपरांत कथा व्यास पूज्य स्वामी अशोकानंद जी महाराज की आश्रम परिवार द्वारा भावपूर्ण विदाई की गई। इस मौके पर महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम जी उदासीन महाराज ने पुरुषोत्तम मास की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि वर्तमान में सनातन संस्कृति का पावन पर्व चल रहा है। आश्रम में प्रतिदिन गंगा आरती, दुर्गासप्तशती का अखंड पाठ एवं अखंड रामधुन के माध्यम से भक्तजन धर्मलाभ प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आत्महत्या और जीव हत्या महापाप हैं, जिनसे सदैव दूर रहना चाहिए। स्वामी जी ने कहा कि परम पूज्य बाबा शेवाराम साहब जी एवं बाबा गंगाराम साहब जी महाराज के तप, त्याग और साधना का ही पुण्य प्रताप है कि आज इस पावन धरा पर कल्पवृक्ष के सान्निध्य में श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। पुरुषोत्तम मास में आयोजित चारों कथाओं का सफलतापूर्वक समापन हुआ है तथा 8 जून से श्री शिव महापुराण कथा का शुभारंभ होगा। उन्होंने श्रद्धालुओं से संतों की मर्यादापूर्वक सेवा करने का आह्वान करते हुए कहा कि यदि जीवन में सुख, शांति और आनंद की कामना है तो सेवा एवं सुमिरन को जीवन का आधार बनाना होगा। जो संतों और प्रभु की कृपा के पात्र बनते हैं, उन पर निरंतर अमृतवर्षा होती रहती है तथा उनका जीवन धन्य हो जाता है। इस अवसर पर हरि शेवा उदासीन आश्रम के संत मायाराम जी, संत गोविन्दराम जी, संत राजाराम जी, संत ईशानराम जी, संत सुयज्ञराम जी , संत केशव राम जी आदि ने अभिनंदन किया। आश्रम के संत मायाराम जी ने बताया कि पुरुषोत्तम मास महोत्सव के अंतर्गत 8 जून सोमवार से 14 जून रविवार तक प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से सायं 6 बजे तक श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जाएगा। व्यास पीठ पर काशी (उत्तरप्रदेश) के स्वामी डॉ. निर्मल दास जी महाराज अपनी ओजस्वी वाणी से श्री शिव महापुराण कथा का वाचन करेंगे। कथा में भगवान शिव की महिमा, शिवतत्व एवं सनातन संस्कृति के विविध आयामों का वर्णन किया जाएगा।

पुरषोत्तम मास महोत्सव का समापन 15 जून को पूर्णाहुति, संत समागम के साथ होगा। आज विष्णु यज्ञ में जय राम -वर्षा अभिचंदानी एवं अशोक मूंदड़ा ने आहुतियाँ दी तथा महादेव का अभिषेक किया। संत गोविन्दराम ने बताया कि प्रतिदिन सायंकाल काशी की तर्ज पर गंगा आरती आश्रम में आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है।

# निर्माणाधीन एनीकट पर फिर उठे सवाल, किसानों ने जताई भूमि कटाव की आशंका

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।,**





बेई पंचायत के उतरना गांव में निर्माणाधीन एनीकट एक बार फिर विवादों के घेरे में आ गया है। भील समाज के कई परिवारों और ग्रामीण किसानों ने निर्माण कार्य में तकनीकी खामियों का आरोप लगाते हुए प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते स्थिति का समाधान नहीं किया गया तो आगामी बरसात में किसानों की कृषि भूमि को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है।

ग्रामीणों के अनुसार एनीकट निर्माण के दौरान करीब 30 मीटर लंबी दीवार एक तरफ खड़ी कर दी गई है, जिससे वर्षा जल का प्राकृतिक बहाव प्रभावित होने की आशंका है। उनका कहना है कि बरसात के समय पानी का दबाव एक दिशा में बढ़ेगा, जिससे आसपास की कृषि भूमि में कटाव होने का खतरा पैदा हो सकता है। क्षेत्र के अधिकांश परिवार खेती पर निर्भर हैं, ऐसे में भूमि कटाव की संभावना ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि एनीकट निर्माण को लेकर पूर्व में भी जिला प्रशासन को शिकायतें दी जा चुकी हैं, लेकिन अब तक स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है। उनका कहना है कि निर्माण कार्य में पारदर्शिता नहीं बरती गई और कुछ लोगों को लाभ पहुंचाने के प्रयास में कई किसानों के हित प्रभावित हो रहे हैं।

क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि यदि निर्माण कार्य तकनीकी मानकों के अनुरूप किया गया है तो प्रशासन इसकी जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करे, ताकि ग्रामीणों के मन में बनी शंकाओं का समाधान हो सके। वहीं यदि जांच में किसी प्रकार की खामी सामने आती है तो बरसात शुरू होने से पहले आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जाएं। ग्रामीणों का कहना है कि एनीकट जल संरक्षण और किसानों की सुविधा के लिए बनाया जा रहा है, लेकिन यदि निर्माण में तकनीकी त्रुटियां रहीं तो यह राहत की बजाय परेशानी का कारण बन सकता है। फिलहाल ग्रामीणों की निगाहें प्रशासनिक जांच पर टिकी हुई हैं। उन्होंने जिला प्रशासन से विशेषज्ञों की टीम भेजकर मौके का निरीक्षण कराने तथा किसानों की आशंकाओं का समाधान करने की मांग की है।

# सन्डे ऑन साइकिल अभियान के तहत बड़लियास में साइकिल रैली का आयोजन

**भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास ,**



**( रोशन वैष्णव)** बड़लियास फिट इंडिया अभियान एवं स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रविवार को 'सन्डे ऑन साइकिल' अभियान के तहत थाना बड़लियास द्वारा साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली का नेतृत्व थाना अधिकारी जसवंत सिंह ने किया।

साइकिल रैली थाना बड़लियास से रवाना होकर श्री चंवरा के हनुमान जी मंदिर तक पहुंची। रैली में पुलिसकर्मियों के साथ स्थानीय नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने साइकिल चलाकर स्वास्थ्य, फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

रैली की सबसे विशेष बात यह रही कि मात्र 7 वर्षीय हिमांशु ने भी पुलिसकर्मियों के साथ पूरे उत्साह के साथ लगभग 5 किलोमीटर तक साइकिल चलाई। छोटे बच्चे के इस जज्बे और फिटनेस के प्रति जागरूकता को देखकर सभी प्रतिभागियों ने उसकी सराहना की। थाना अधिकारी जसवंत सिंह ने हिमांशु का उत्साहवर्धन करते हुए उसे धन्यवाद दिया और उसके प्रयास की प्रशंसा की।

इस अवसर पर थाना अधिकारी जसवंत सिंह ने कहा कि नियमित रूप से साइकिल चलाने से शरीर स्वस्थ रहता है तथा पर्यावरण प्रदूषण को कम करने में भी मदद मिलती है। उन्होंने युवाओं से फिट रहने और दैनिक जीवन में व्यायाम को अपनाने का आह्वान किया।

रैली के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा फिट इंडिया अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और साइकिल के उपयोग को प्रोत्साहित करना है।

## QUICK BITES

# प्रगतिशील मीणा समाज विकास संस्थान की बैठक में छात्रावास निर्माण पर चर्चा

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**



**(दिलखुश)** बावन माता परिसर सावर में रविवार को प्रगतिशील मीणा समाज विकास संस्थान, केकड़ी की बैठक अध्यक्ष एडवोकेट रामअवतार मीणा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में समाज के विकास, संगठन विस्तार एवं शिक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक का मुख्य विषय केकड़ी एवं सावर क्षेत्र में मीणा छात्रावास निर्माण रहा। उपस्थित समाजबंधुओं ने विद्यार्थियों की शैक्षणिक सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए केकड़ी-सावर मुख्य मार्ग पर उपयुक्त भूमि की तलाश कर छात्रावास निर्माण की दिशा में शीघ्र कार्यवाही करने पर जोर दिया। इस संबंध में समाज के स्तर पर आवश्यक प्रयास शुरू करने पर सहमति बनी।

बैठक में संस्थान की वर्तमान कार्यकारिणी के विस्तार पर भी विचार-विमर्श किया गया। समाज के सक्रिय एवं समर्पित कार्यकर्ताओं को संगठन से जोड़ने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। इस दौरान 10 नए सदस्यों ने सदस्यता ग्रहण की, जबकि 3 सदस्यों ने 5100 रुपये का सहयोग देकर आजीवन सदस्यता प्राप्त की।

बैठक में समाज हित के कार्यों को गति देने तथा संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया गया। साथ ही संस्थान की अगली बैठक 5 जुलाई को बालाजी मंदिर परिसर गोरधा में आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

# भाजपा मंडल की मासिक बैठक आयोजित, संगठन विस्तार व आगामी कार्यक्रमों पर हुई चर्चा

**भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा -**



**परमेश्वर**

भारतीय जनता पार्टी मंडल बनेड़ा की मासिक बैठक राजाधिराज गोपाल चरण सिंह के मुख्य आतिथ्य एवं मंडल अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा, बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं से संगठन की रीति-नीति को जन-जन तक पहुंचाने तथा पार्टी की योजनाओं और उपलब्धियों के व्यापक प्रचार-प्रसार का आह्वान किया। साथ ही आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभाने पर जोर दिया गया।

बैठक में पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को और अधिक मजबूत बनाने, बूथ समितियों की सक्रियता बढ़ाने तथा जनसंपर्क अभियान को गति देने पर भी विचार-विमर्श किया गया। कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत करते हुए संगठन हित में कार्य करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी लाल सोनी, भाजपा मंडल महामंत्री राजमल माली, मंडल उपाध्यक्ष रामेश्वर लाल बैरवा, भैरूलाल लक्षकार, महिमा सुवालका, सांवरमल गुर्जर, भाजपा महिला मंडल मंत्री माया कुमावत, भाजपा युवा नेता विष्णु कुमावत सहित मंडल कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्व. जोता राम विधानी की 14वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा, झूलेलाल मंदिर को भेंट किया जंबो कूलर

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



नाथद्वारा सराय स्थित भगवान झूलेलाल मंदिर में पूज्य दादा हेमराजमल साहब सेवा समिति के तत्वावधान में सिंधी समाज के वरिष्ठ समाजसेवी स्व. जोता राम विधानी की 14वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। समाजजनों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर समाज सेवा के प्रति उनके योगदान को याद किया।

मीडिया प्रभारी मूलचंद बहरवानी ने बताया कि समिति के महामंत्री हरीश सखरानी ने स्व. विधानी के समाज सेवा और नेतृत्व को प्रेरणादायी बताया। उनकी स्मृति में समिति द्वारा झूलेलाल मंदिर को श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु जंबो कूलर भेंट किया गया।

उपाध्यक्ष महेश खोतानी ने कहा कि उनके पुत्र एवं समिति अध्यक्ष गुलशन कुमार विधानी भी समाज सेवा की परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। कार्यक्रम की शुरुआत मंदिर के महंत टेऊं राम भगत द्वारा माल्यार्पण से हुई। संगठन मंत्री नानक राम जेठानी ने स्व. विधानी को समाज का प्रेरणास्त्रोत बताया।

इस अवसर पर मंघा राम भगत, राजकुमार केसवानी, गोर्धन जेठानी, अशोक केवलानी, कालू भगत, जगदीश नंदवानी, पवन ठाकुर, सतीश सोनी, मुकेश खोतानी, राजकुमार ठारवानी, लच्छू भाई, रोहित चीजनदास फतनानी, सतीश माखीजा, तुलसी निहालानी, डॉ. ली डॉडवानी, जितेंद्र कुमार, परमानंद तनवानी, लेखराज सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम श्रद्धा, सेवा और सामाजिक एकता के वातावरण में संपन्न हुआ।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।